PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, मंगलवार 25 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर विवाद

### 6 पोतियों ने DM को पत्र लिख की ये मांग, प्रशासनिक ट्रस्ट का प्रस्ताव रखा





बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर कब्जे का आरोप लगाया है। छह पोतियों ने डीएम को पत्र लिखा है। पोतियों ने डीएम से खाली कराने की मांग की है। टूंडला के अकबरपुर स्थित पैतृक मकान को श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट से मुक्त कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पक्षों के साथ बैठक करेंगे। दस्तावेजों की जांच के बाद मामले का हल तलाशेंगे। फिरोजाबाद के टूंडला के अकबरपुर स्थित बाबा नीम करौरी की जन्मस्थली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पैतृक मकान को श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट से मुक्त कराने के लिए उनके छोटे बेटे की छह बेटियों (पोतियों) ने प्रशासनिक अफसरों से गुहार लगाई है। बाबा नीब करोरी (मूल नाम लक्ष्मी नारायण शर्मा) और उनकी पत्नी राम बेटी शर्मा के दो बेटे अनेक सिंह शर्मा व धर्म नारायण शर्मा थे। एक बेटी गिरजा भटेले आगरा में रहती हैं। छोटे बेटे धर्म नारायण शर्मा का कोई पुत्र नहीं है, उनकी छह बेटियां सुनीता शर्मा (वृंदावन), अर्चना शर्मा (दिल्ली), वंदना शर्मा (मथुरा), भावना रावत (मुंबई), रितु तिवारी (दिल्ली) और रिचा रावत (गुरुग्राम) हैं। ये सभी बहनें बीते 14 अगस्त को अपनी मां की पुण्यतिथि मनाने अकबरपुर आई थीं। इसी दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसे 21 अगस्त को विधिवत पत्रवाहक के जरिए दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में बहनों ने आरोप लगाया है कि अकबरपुर स्थित ग्राम पंचायत नगला के निजी मकान संख्या 154-व में बाबा नीम करोरी का ध्यान कक्ष, भोजनालय, अतिथि कक्ष और शयन कक्ष बना हुआ है, जिस पर श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट काबिज है। सोमवार को भावना रावत के पति मनोज रावत मुंबई से फिरोजाबाद पहुंचे और उन्होंने डीएम से मुलाकात कर बताया कि श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट में संजय गुप्ता ट्रस्टी थे और उनके ससुर धर्म नारायण शर्मा की सेवा करते थे। ससुर के निधन के बाद उन्होंने ट्रस्ट पर अपना एकाधिकार स्थापित कर बाबा नीब करोरी के पैतृक मकान पर कब्जा कर लिया। मनोज रावत ने जिलाधिकारी से मामले में कार्रवाई करने, पैतृक संपत्ति वापस दिलाने और मकान को मुक्त कराने की मांग की।

**प्रशासनिक ट्रस्ट का प्रस्ताव रखा**

मनोज रावत ने जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान इस विवाद के स्थायी समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रस्ताव भी रखा। कहा कि वर्तमान में फिरोजाबाद प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय अकबरपुर में बाबा नीब करौरी के भव्य कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। ऐसे में जन्मस्थली के रखरखाव और निजी ट्रस्टी के एकाधिकार को लेकर चल रहे विवाद को हमेशा के लिए समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्ताव रखा कि जिला प्रशासन की ओर से एक आधिकारिक प्रशासनिक ट्रस्ट का गठन किया जाए। इस ट्रस्ट में जिलाधिकारी फिरोजाबाद को पदेन अध्यक्ष बनाया जाए और एसडीएम, तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न पदों पर पदेन सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाए। उनका तर्क है कि सरकारी नियंत्रण में प्रशासनिक ट्रस्ट बन जाने से निजी कब्जों और स्वार्थों से जन्मस्थली को मुक्त कराया जा सकेगा। साथ ही कॉरिडोर परियोजना के तहत आने वाले देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। बाबा नीब करौरी महाराज की पोतियों का पत्र प्राप्त हुआ है। मनोज रावत से भी मुलाकात व वार्ता हुई है। इस पक्ष की शिकायत/सुझावों पर विचार के लिए सभी संबंधित पक्षों को बुलाकर बैठक की जाएगी। बैठक में आने वाले विचारों व सभी दस्तावेजों की जांच के बाद ही मामले में आगे की कोई राह तलाशी जाएगी।

## शिवभक्ति में डूबा शहर, मंदिरों में देर रात तक मेला



सावन मास के अंतिम सोमवार को शहर के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हालांकि कुछ देर हुई बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम न कर सकी। शाम को महाआरती में बड़ी संख्या में शिव के भक्त शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।बड़ी संख्या में गंगाघाटों से कांवड़ लेकर पहुंचे शिव भक्तों ने भी शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, फूल, बिल्वपत्र, धतूरा और अक्षत चढ़ाकर महादेव का पूजन किया। शहर के रालीलाला मैदान स्थित अचलेश्वर महादेव, जयगंज के मंगलेश्वर महादेव मंदिर, लोधा-हरिदासपुर स्थित खेरेश्वरधाम मंदिर, गभाना के श्री सिद्धनाथ भुमियां बाबा आश्रम में देर रात तक भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्त उमड़ते रहे।मंदिर परिसर बम-बम भोले के जयकारों से गूंज रहे थे। भक्तों ने यहां रुद्राभिषेक एवं शिव चालीसा का पाठ भी किया। खेरेश्वर मंदिर पर समिति के अध्यक्ष गेहराज सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी दिन भर व्यवस्थाएं बनाने में जुटे रहे। मंदिरों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा और भारी वाहनों को बाईपास से गुजारा गया।स्वर्ण जयंती नगर के शिवधाम में चल रही श्री शिव महापुराण में दंडी स्वामी मुरलीधरानंद महाराज ने कथा में शिव पुराण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया यह पवित्र ग्रंथ है। इस ग्रंथ में शिव महिमा का वर्णन है। आयोजन में संजय शर्मा, रागिनी शर्मा, नंदिनी, मान्या, अदिति, शिखा त्रिवेदी, नन्नू, दीपिका, शिखा माथुर आदि का सहयोग रहा। श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर सुदामापुरी से श्रद्धालुओं ने पालकी निकाली। इसमें पंडित अमित कुमार भारद्वाज, निखिल गुप्ता, देवेंद्र उपाध्याय, सोनू मित्तल, नवनीत शर्मा, विपुल गौतम, सचिन, तरुण, डॉ. रोहित वर्मा, यश सक्सेना आदि थे।

## पांच दिन से गली में भरा पानी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं बच्चे



माली नगला में मुख्य गली का निर्माण होने के कारण लिंक गली में पानी की निकासी का रास्ता बंद हो गया है। पिछले करीब पांच दिनों से गली में बारिश और घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। जलभराव के चलते छोटे-छोटे स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।महिलाओं, बुजुर्गों और मंदिर जाने वाले लोगों को भी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार को जलभराव की समस्या दूर करने के लिए टैंकर बुलाया गया था, लेकिन गली संकरी होने के कारण टैंकर अंदर नहीं पहुंच सका। इसके बाद लोगों ने पार्षद के घर पहुंचकर तत्काल दो-तीन ट्रैक्टर मलबा डलवाकर रास्ते को चलने लायक कराने की मांग की।लोगों का कहना है कि सड़क बनने में अभी समय लग सकता है, इसलिए जब तक स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक मलबा डलवाकर अस्थायी रास्ता तैयार कराया जाए। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में रास्ता बंद रहने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वे इस समस्या को लेकर करीब दो वर्षों से पार्षद के चक्कर लगा रहे हैं। नगर आयुक्त प्रेमप्रकाश मीणा का कहना है कि समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा

## मानसून की गिरफ्त में प्रदेश, आज इन 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट इन शहरों में हुई रिकॉर्ड बरसात

**उत्तर प्रदेश में सोमवार को विभिन्न जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई। सुल्तानपुर में सर्वाधिक 89 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं अंबेडकरनगर में 74 मिमी, ललितपुर में 65 मिमी , बिजनौर में 55 मिमी, प्रयागराज में 45 मिमी और कन्नौज में 39 मिमी बारिश हुई। चुर्क, बहराइच और आजमगढ़ आदि जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए बुंदेलखंड और अन्य दक्षिणी इलाकों के 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम की ओर खिसका है। इसके असर से में बारिश का असर बना रह सकता है। अगले दो दिनों तक यूपी के दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने वाली है। इसके बाद कुछ दिनों के लिए मानसून के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने के संकेत हैं।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, रायबरेली, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आस पासबांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, रायबरेली, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आस पासबांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, रायबरेली, हमीरपुर, महोबा, झांसी**




उत्तर प्रदेश में सोमवार को विभिन्न जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई। सुल्तानपुर में सर्वाधिक 89 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं अंबेडकरनगर में 74 मिमी, ललितपुर में 65 मिमी , बिजनौर में 55 मिमी, प्रयागराज में 45 मिमी और कन्नौज में 39 मिमी बारिश हुई। चुर्क, बहराइच और आजमगढ़ आदि जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए बुंदेलखंड और अन्य दक्षिणी इलाकों के 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## यूपी: योगी कैबिनेट की बैठक आज



### यूपी: योगी कैबिनेट की बैठक आज, दरोगा-सिपाही भर्ती के नियमों में बदलाव के साथ आ सकते हैं 15 बड़े प्रस्ताव

yogi cabinet meeting: यूपी कैबिनेट की अहम बैठक आज होगी। इस बैठक में दरोगा और सिपाही भर्ती के नियमों में बदलाव के साथ कई प्रस्ताव पास हो सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें निवेश और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े 15 से ज्यादा प्रस्ताव पास होने की संभावना है। इसके लिए सभी विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं। जनकल्याण से जुड़े कई प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। पुलिस में दरोगा और सिपाही के पद पर मृतक आश्रित कोटे से भर्ती के आवेदकों को दौड़ परीक्षा से राहत मिल सकती है। बैठक में निवेश, इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिवहन व जनकल्याण से जुड़े 15 से ज्यादा प्रस्ताव पास होने की संभावना है।3572 नवनियुक्त युवाओं को आज सीएम देंगे नियुक्ति पत्रलखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 3572 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। इसमें कृषि विभाग के 3446 प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) और मंडी परिषद के 126 नवनियुक्त मंडी सचिव शामिल हैं। प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष और स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को स्वाइन

## स्वाइन फ्लू को लेकर हर जिले में रखें पर्याप्त व्यवस्था : ब्रजेश पाठक

प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष और स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को स्वाइन फ्लू की स्थिति की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों में संदिग्ध एवं संक्रमित मरीजों पर नजर रखने, उनकी नियमित निगरानी और जरूरत के अनुसार तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अस्पतालों में जांच, उपचार और उपलब्ध संसाधनों की भी लगातार समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। गंभीर मरीजों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने, अफवाहों से बचने और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लेने को कहा।मौसमी बुखार को लेकर भी अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। बुखार के मरीजों की आवश्यक जांच और समुचित उपचार, आपातकालीन सेवाओं का निर्बाध संचालन, दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकों और स्टाफ की पर्याप्त मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा गया है।मौसमी बुखार को लेकर भी अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। बुखार के मरीजों की आवश्यक जांच और समुचित

## रक्षाबंधन पर रोडवेज का सुरक्षा प्लान

### रक्षाबंधन पर रोडवेज का सुरक्षा प्लान: हर चालक का होगा ब्रेथ टेस्ट, बसों की फिटनेस जांच अनिवार्य



रक्षाबंधन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन निगम ने सभी बस चालकों और परिचालकों का ड्यूटी से पहले ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट अनिवार्य किया है। अनुबंधित बसों के चालक-परिचालकों का पुलिस और चरित्र सत्यापन भी कराया जाएगा।रक्षाबंधन पर यात्रियों की भारी भीड़ के अंदेशे को देखते हुए परिवहन निगम ने सड़क और महिला-बाल सुरक्षा के लिहाज से कड़े कदम उठाए हैं। अब ड्यूटी से पहले हर चालक और परिचालक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट होगा। अनुबंधित बसों के चालक-परिचालकों का पुलिस और चरित्र सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। जबकि वर्कशॉप से फिटनेस प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही बसों को सड़क पर उतारा जाएगा। इसके साथ ही, ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि पर्व पर संचालित होने वाली सभी बसों की जांच की जाएगी। खराब या असुरक्षित बस को किसी भी स्थिति में संचालन में नहीं लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को इस व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ड्यूटी लगाने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी चालक-परिचालक या कर्मचारी नशे की हालत में ड्यूटी पर न आए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान अनुबंधित बसों के संचालकों को अपने सभी चालक और परिचालकों का पुलिस और चरित्र सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। सत्यापन से संबंधित रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखना होगा।

# यूपी: भारी बारिश के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित, यहां आ गया प्रशासन का आदेश

यूपी के अंबेडकरनगर में भारी बारिश के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। प्रशासन ने अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक घर से बाहर न भेजने की अपील की है यूपी के अंबेडकरनगर में भारी बारिश के कारण कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में आज मंगलवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है। यहां सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश का दौर मंगलवार सुबह भी जारी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बारिश का असर दिखाई दे रहा है। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। वहीं खराब मौसम को देखते हुए लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।रात में हुई भारी बारिश और मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन ने जिले में कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों को आज बंद रखने का निर्णय लिया है। 25 अगस्त 2026 को कक्षा 1 से 8 तक के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अवकाश रहेगा। प्रशासन के अनुसार, यह अवकाश केवल एक दिन के लिए रहेगा। खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के बीच छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।प्रशासन की ओर से अभिभावकों से अपील की गई है कि बारिश के दौरान बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न भेजें। जलभराव वाले स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें।




# बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर विवाद:

## 6 पोतियों ने DM को पत्र लिख की ये मांग, प्रशासनिक ट्रस्ट का प्रस्ताव रखा




बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर कब्जे का आरोप लगाया है। छह पोतियों ने डीएम को पत्र लिखा है। पोतियों ने डीएम से खाली कराने की मांग की है। टूंडला के अकबरपुर स्थित पैतृक मकान को श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट से मुक्त कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पक्षों के साथ बैठक करेंगे। दस्तावेजों की जांच के बाद मामले का हल तलाशेंगे।फिरोजाबाद के टूंडला के अकबरपुर स्थित बाबा नीम करौरी की जन्मस्थली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पैतृक मकान को श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट से मुक्त कराने के लिए उनके छोटे बेटे की छह बेटियों (पोतियों) ने प्रशासनिक अफसरों से गुहार लगाई है।बाबा नीब करोरी (मूल नाम लक्ष्मी नारायण शर्मा) और उनकी पत्नी राम बेटी शर्मा के दो बेटे अनेक सिंह शर्मा व धर्म नारायण शर्मा थे। एक बेटी गिरजा भटेले आगरा में रहती हैं। छोटे बेटे धर्म नारायण शर्मा का कोई पुत्र नहीं है, उनकी छह बेटियां सुनीता शर्मा (वृंदावन), अर्चना शर्मा (दिल्ली), वंदना शर्मा (मथुरा), भावना रावत (मुंबई), रितु तिवारी (दिल्ली) और रिचा रावत (गुरुग्राम) हैं।ये सभी बहनें बीते 14 अगस्त को अपनी मां की पुण्यतिथि मनाने अकबरपुर आई थीं। इसी दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसे 21 अगस्त को विधिवत पत्रवाहक के जरिए दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में बहनों ने आरोप लगाया है कि अकबरपुर स्थित ग्राम पंचायत नगला के निजी मकान संख्या 154-व में बाबा नीम करोरी का ध्यान कक्ष, भोजनालय, अतिथि कक्ष और शयन कक्ष बना हुआ है, जिस पर श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट काबिज है।सोमवार को भावना रावत के पति मनोज रावत मुंबई से फिरोजाबाद पहुंचे और उन्होंने डीएम से मुलाकात कर बताया कि श्री ठाकुर हनुमानजी ट्रस्ट में संजय गुप्ता ट्रस्टी थे और उनके ससुर धर्म नारायण शर्मा की सेवा करते थे। ससुर के निधन के बाद उन्होंने ट्रस्ट पर अपना एकाधिकार स्थापित कर बाबा नीब करोरी के पैतृक मकान पर कब्जा कर लिया। मनोज रावत ने जिलाधिकारी से मामले में कार्रवाई करने, पैतृक संपत्ति वापस दिलाने और मकान को मुक्त कराने की मांग की।

### प्रशासनिक ट्रस्ट का प्रस्ताव रखा

मनोज रावत ने जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान इस विवाद के स्थायी समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रस्ताव भी रखा। कहा कि वर्तमान में फिरोजाबाद प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय अकबरपुर में बाबा नीब करौरी के भव्य कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। ऐसे में जन्मस्थली के रखरखाव और निजी ट्रस्टी के एकाधिकार को लेकर चल रहे विवाद को हमेशा के लिए समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्ताव रखा कि जिला प्रशासन की ओर से एक आधिकारिक प्रशासनिक ट्रस्ट का गठन किया जाए।

# ट्रेन में लाश के टुकड़े: किराये के घर में कत्ल,

## शव को टुकड़ों में काटा; युवक-युवती ने ओडिशा की निशा को मारा




आगरा कैंट स्टेशन का ब्लाइंड मर्डर चेन्नई में मिले सीसीटीवी फुटेज से खुल गया है। ट्रॉली बैग में मिला क्षत-विक्षत शव ओडिशा की निशा का था। आरपीएफ की सीआईबी ने गुदुवांचेरी के मसूथी स्ट्रीट के एक घर से सिर बरामद किया है। साथ रहने वाले माणिकउद्दीन लश्कर और भगवती माझी की तलाश की जा रही है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पांच अगस्त को ट्रॉली बैग में मिले शव के टुकड़े ओडिशा की 38 वर्षीय हयातुन निशा के थे। हत्या के बाद कई टुकड़ों में शव को काट दिया गया था। चेन्नई रेलवे सेंट्रल स्टेशन पर मिले सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरपीएफ की क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (सीआईबी) की टीम गुदुवांचेरी में स्थित घटनास्थल तक पहुंच सकी।टीम को घटनास्थल पर महिला का कटा सिर एक बर्तन में रखा मिला। साथ रहने वाले असम के माणिकउद्दीन लश्कर और ओडिशा की भगवती माझी को भागा हुआ बताया गया। दोनों की तलाश की जा रही है।

इस मामले में जीआरपी कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ निल प्राथमिकी दर्ज की गई थी।तमिलनाडु एक्सप्रेस की जनरल बोगी में यह ट्रॉली बैग रखा मिला था। घटना के तार चेन्नई से जुड़े होने की आशंका पर जीआरपी की टीम वहां पहुंची। पहले दिन से ही आशंका जताई गई कि शव के अन्य टुकड़ों को कहीं और फेंका गया होगा। हयातुन निशा मूलरूप से ओडिशा के जगतसिंहपुर की थी। गुदुवांचेरी में एक निजी फर्म में काम करती थी।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे युवक और युवती

चेन्नई सेंट्रल के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर 3 अगस्त की रात 10 बजे की सीसीटीवी फुटेज में एक युवक और युवती लाल रंग का ट्रॉली बैग लेकर आते दिखे थे। तब तमिलनाडु एक्सप्रेस दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इसी ट्रेन में बैग रखा मिला था। पड़ताल में लगी सीआईबी और तमिलनाडु पुलिस शुक्रवार को गुदुवांचेरी के मसूथी स्ट्रीट पहुंची। जांच में पता चला कि सीसीटीवी में कैद युवक और युवती यहीं मकान में किराए पर रहते थे। दोनों घर से भागे हुए हैं। सीआईबी ने तलाशी ली तो एक बड़े बर्तन में महिला का सिर और शरीर के कुछ और हिस्से मिल गए। यह पुराने होने की वजह से काफी गल चुके थे। सीओ जीआरपी राजेश दीक्षित ने बताया कि विवेचना चेन्नई जीआरपी कैंट स्थानांतरित कर दी गई है। आगे की कार्रवाई चेन्नई जीआरपी करेगी। हत्याकांड के कारणों का पता दोनों की गिरफ्तारी के बाद ही चलेगा।

### मकान में ही खेला गया खूनी खेल

टीम को आशंका है कि घर में ही हत्या की गई। इस मामले में गुमशुदगी भी दर्ज की गई थी। ट्रॉली बैग में शव के टुकड़े मिले थे, ऐसे में वह महिला का है या पुरुष का, इसे पता करना आसान नहीं था। जिस पॉलिथीन से शव को लपेटा गया था, उस पर चेन्नई लिखा था। पुलिस को शहर का नाम मिला तो कड़ी से कड़ी जोड़ती हुई टीम घटनास्थल तक पहुंच गई।

# MP में जमकर बरसेंगे बादल:

## पांच जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट; 20 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी




मध्य प्रदेश में मंगलवार को बारिश का जोर रहेगा। टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में अति भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि 20 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है।मध्य प्रदेश में मंगलवार को बारिश का जोर बना रहेगा। मौसम विभाग ने टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिरने की संभावना है। वहीं 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। गुना, आगर-मालवा, शाजापुर, सीहोर, हरदा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, कटनी, शहडोल, छतरपुर, पन्ना, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है।

### भोपाल समेत 30 जिलों में बारिश का दौर

भोपाल, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, देवास, रतलाम, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, डिंडौरी, रीवा, सतना, मऊगंज, मैहर, उमरिया, अनूपपुर और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रहने का अनुमान है।

### करैरा में 5.4 इंच बारिश

बीते 24 घंटे में नर्मदापुरम में औसतन 3.7 इंच बारिश दर्ज हुई। शिवपुरी के करैरा में 5.4 इंच, निवाड़ी के ओरछा में 3.3 इंच, सागर के रहली में 3 इंच, भोपाल के कोलार में 3.2 इंच, नवीबाग में 3.1 इंच और भोपाल शहर में 3 इंच पानी गिरा। लगातार बारिश के बीच शहडोल में सोमवार रात बाणसागर बांध के तीन गेट आधा-आधा मीटर खोले गए। जलस्तर और बांध में पानी की आवक पर नजर रखी जा रही है।

### निम्न दबाव क्षेत्र और द्रोणिका का असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में निम्न दबाव क्षेत्र और द्रोणिका सक्रिय है। इसके चलते कई इलाकों में बारिश का सिलसिला बना हुआ है। अगले तीन दिन तक कई जिलों में भारी बारिश की स्थिति रह सकती है।

### 40 जिलों में अब भी बारिश सामान्य से कम

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में बारिश की कमी दर्ज की गई है। कई जिलों में सामान्य से 6 से 51 प्रतिशत तक कम पानी गिरा है। पश्चिमी हिस्से के भी 24 जिलों में सामान्य से 1 से 49 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है।

# धार में चलती बस बनी आग का गोला: जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदे यात्री




धार जिले के सरदारपुर में मंगलवार देर रात सूरत से कानपुर जा रही यात्री बस में भीषण आग लग गई। धुआं भरने के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों ने खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर निकलकर जान बचाई।गुजरात के सूरत से उत्तर प्रदेश के कानपुर जा रही एक यात्री बस में मंगलवार देर रात करीब 1:10 बजे अचानक भीषण आग लग गई। हादसा धार जिले के सरदारपुर नगर स्थित भोपावर चौकी के पास हुआ। बस में धुआं उठता देख चालक वाहन को रास्ते में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया।धुआं भरते ही बस के अंदर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए कई यात्री मुख्य दरवाजे से बाहर भागे, तो कई यात्रियों को खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर कूदना पड़ा। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, वहीं ज्यादातर यात्रियों का कीमती सामान, नकदी और कपड़े जलकर खाक हो गए।



### पुलिस ने संभाला मोर्चा, डायवर्ट किया ट्रैफिक

सूचना मिलते ही सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार और थाना प्रभारी अनिल जाधव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग का एक हिस्सा बंद कराकर यातायात को दूसरी ओर से निकाला। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस (क्रमांक UP 83 BT 3947) पूरी तरह जल चुकी थी।

### दाहोद में 4 घंटे कराया गया था बस का काम

यात्रियों ने बताया कि सूरत और गुजरात के अन्य शहरों से रवाना हुई इस बस को दाहोद के पास एक होटल पर करीब चार घंटे रोककर कुछ तकनीकी मरम्मत कराई गई थी। इसके बाद ही बस को आगे के सफर के लिए रवाना किया गया था।



### मां ने खिड़की से फेंका आठ साल का मासूम

कानपुर निवासी यात्री नीलम पाल ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि वे अपने 8 वर्षीय बेटे के साथ गांव जा रही थीं। धुआं भरते ही उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए पहले अपने मासूम बेटे को खिड़की से बाहर निकाला और फिर खुद बाहर कूदकर जान बचाई। हालांकि, बैग में रखे रुपये, चांदी की पायजेब और कपड़े जल गए।



### यात्रियों को दूसरी बसों से किया रवाना

हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए इंदौर की ओर जाने वाली अन्य यात्री बसों को रुकवाया। प्रभावित यात्रियों को उनकी आवश्यकता और गंतव्य के अनुसार दूसरी बसों में बैठाकर आगे रवाना करने की व्यवस्था की गई।

# Explainer: चांद के दक्षिणी ध्रुव में भारत से पिछड़ा चीन कैसे कर रहा बराबरी की कोशिश, क्या है मिशन, कितना अहम?

चीन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चांगई-7 मिशन लॉन्च करने की तैयारी में है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद चीन कैसे कर रहा बराबरी की कोशिश? चीन जल्द ही चांद के लिए अपना नया चंद्र मिशन लॉन्च करने वाला है। जानकारी के मुताबिक, अपने चांगई-7 मिशन को चीन सोमवार सुबह से लेकर अगले कुछ दिनों में सही मौका देखकर लॉन्च कर सकता है। चीन का यह मिशन इस लिए भी अहम है, क्योंकि इसके जरिए वह चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना रोवर उतारना चाहता है, जहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती। मजेदार बात यह है कि भारत करीब तीन साल पहले ही चांद के इस इलाके में अपने रोवर की सफल लैंडिंग कराने वाला पहला देश बन चुका है। यानी चीन जिस रेस में पहले ही पिछड़ चुका है, अब वहां बराबरी की कोशिश में जुटा है। ऐसे में यह जानना अहम है कि भारत से पिछड़ने के बावजूद चीन का यह मिशन क्यों अहम है? क्यों कई देशों की अपने मिशन को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भेजने की कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं? अब चीन इस मिशन के जरिए क्या हासिल करना चाहता है? भारत फिलहाल दक्षिणी ध्रुव पर रिसर्च के मामले में किस पड़ाव पर है?



**पहले जानें- क्या है चीन का चांद पर भेजा जाने वाला मिशन?**

चांगई-7 चीन का चांद के लिए तय मानवरहित, रोबोटिक चंद्र मिशन है, जिसे अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और जटिल रोबोटिक मिशन माना जा रहा है। इस मिशन का मुख्य मकसद चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद स्थायी रूप से अंधेरे क्रेटरों (गड्ढों) में बर्फ (पानी) की खोज करना और जमीन पर इनकी मौजूदगी का नक्शा बनाना है। इस मिशन को लॉन्ग मार्च-5 वाई14 रॉकेट के जरिए हेनान प्रांत के वेनचांग स्पेस लॉन्च साइट से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके प्रक्षेपण की संभावित समय-सीमा 24 अगस्त से 31 अगस्त 2026 के बीच की है। यह मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद शेकलटन क्रेटर के किनारे पर उतरेगा। यह सौर मंडल के सबसे ठंडे स्थानों में से एक है, जहां तापमान -203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

चीन के इस मिशन की खास बात यही है कि मिशन को मुख्यतः चांद की सतह पर पानी की खोज के लिए लॉन्च किया जा रहा है, इसलिए इसमें एक हॉपर भी भेजा जाएगा, जो कि ऐसा समर्पित हॉपर उपयोग करने वाला यह दुनिया का पहला मिशन होगा।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग:** मिशन में विभिन्न देशों और संगठनों के उपकरण भी शामिल हैं। जैसे इटली का लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर, रूस का धूल संसूचक यंत्र, स्विट्जरलैंड का रेडिएशन स्पेक्ट्रोमीटर और हांगकांग विश्वविद्यालय और आईएलओए हुआवे की ओर विकसित एक कॉम्पैक्ट कैमरा 'आईएलओ-सी' शामिल है, जो चंद्रमा की सतह से हमारी आकाशगंगा के गैलेक्टिक प्लेन की तस्वीरें लेगा।

**भविष्य का रास्ता:** यह मिशन चीन के चंद्र अन्वेषण के चौथे चरण का हिस्सा है। यह 2030 तक चंद्रमा पर पहले चीनी मानव लैंडिंग के लिए आधार तैयार कर रहा है और चांगई-8 (संभावित वर्ष 2028) के साथ मिलकर चीन के इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन (आईएलआरएस) के निर्माण में मदद करेगा।

**कौन से देश अब तक कर चुके चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मिशन भेजने की कोशिश?**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर मिशन भेजने और वहां पानी की खोज करने की कोशिश में पहले भी कई देश कोशिश कर चुके हैं। हालांकि, इनमें अधिकतर देश अब तक सफल नहीं हुए हैं। सिर्फ भारत ही अब तक वह देश रहा है, जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक अपना रोवर उतारा है और दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज को आगे बढ़ाया है।

भारत: भारत का चंद्रयान-3 मिशन अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला दुनिया का पहला मिशन बना। इसने वहां की मिट्टी के तापमान की रीडिंग के जरिए दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पानी की मौजूदगी के बेहद अहम नए प्रमाण खोजे। इससे पहले, भारत के चंद्रयान-1 मिशन ने भी चंद्रमा के ध्रुवीय क्रेटरों (गड्ढों) में जल-बर्फ होने के सबूत दिए थे।

रूस: साल 2023 में ही रूस ने भी दक्षिणी ध्रुव पर जमी हुई बर्फ की खोज के लिए अपना लूना-25 मिशन भेजा था। हालांकि, यह यान नियंत्रण खो देने के कारण चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और कोई वैज्ञानिक डेटा एकत्र नहीं कर सका।

अमेरिका: नासा ने सीधे तौर पर सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग से इतर अलग-अलग ऑर्बिटर और इम्पैक्ट मिशन्स के जरिए इस क्षेत्र का अध्ययन किया है। नासा के क्लेमेंटाइन (1994) और लूनर प्रॉस्पेक्टर (1998) शुरुआती मिशनों में से थे जिन्होंने चंद्रमा पर जल-बर्फ होने के संकेत खोजे थे। इसके बाद 2009 में नासा ने चंद्रमा के एक अंधेरे क्रेटर में जानबूझकर एक रॉकेट सेगमेंट और प्रोब को टकराया था, जिससे उड़े धूल के गुबार के विश्लेषण से वहां भारी मात्रा में जल-बर्फ होने की सीधे तौर पर पुष्टि हुई थी।

चीन अपने नए मिशन के जरिए क्या हासिल करना चाहता है?

**1. जल-बर्फ की खोज और इसकी मौजूदगी का विश्लेषण**

चूंकि कई अंतरिक्ष अभियानों ने चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी के संकेत दिए हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस संसाधन का पूरी तरह से विश्लेषण नहीं किया है। चीन इस मिशन के जरिए यह पता लगाना चाहता है कि पानी वास्तव में कहां मौजूद है, कितनी गहराई पर है, किस रूप में है और क्या वहां तक पहुंचना व्यावहारिक रूप से संभव है।

**2. 2030 तक मानव लैंडिंग की तैयारी**

चांगई-7 मिशन से मिलने वाला तकनीकी अनुभव चीन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मिशन साल 2030 तक चंद्रमा की सतह पर पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री को उतारने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए जमीन तैयार करेगा।

**3. इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन की नींव**

यह अभियान चीन के दीर्घकालिक वैज्ञानिक उद्देश्यों का हिस्सा है। चांगई-7 और इसके बाद 2028 में जाने वाला चांगई-8 मिशन मिलकर चंद्रमा पर चीन के प्रस्तावित इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन के निर्माण में अहम कदम साबित होंगे।

**4. भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अहम संसाधन**

अगर वहां पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है, तो उसका इस्तेमाल न सिर्फ चालक दल के पीने के पानी के रूप में होगा, बल्कि उससे ऑक्सीजन (सांस लेने के लिए) और हाइड्रोजन (रॉकेट ईंधन के रूप में) भी तैयार की जा सकती है। इससे चंद्रमा से ही भविष्य में मंगल ग्रह या गहरे अंतरिक्ष के अभियानों को ईंधन देकर लॉन्च करने में मदद मिलेगी।

**5. वैज्ञानिक और खगोलीय अध्ययन**

यह मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के भू-भाग, पर्यावरण, संरचना, वहां की मिट्टी व चट्टानों की बनावट और बाकी वाष्प में बदलने वाले पदार्थों का गहराई से अध्ययन करेगा। इसके अलावा लैंडर पर लगा विशेष कैमरा पहली बार चंद्रमा की सतह से हमारी आकाश गंगा के गैलेक्टिक प्लेन की अनोखी रंगीन तस्वीरें भी लेगा।इस तरह चीन का चांगई-7 मिशन केवल एक चंद्र यात्रा नहीं है, बल्कि यह भविष्य में मनुष्यों के चंद्रमा पर रहने और वहां से गहरे ब्रह्मांड की खोज करने की दिशा में एक बहुत बड़ी वैज्ञानिक कोशिश साबित हो सकता है।

**भारत की दक्षिणी ध्रुव पर खोज किस चरण में?**

भारत की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोज काफी हद तक सफल रही है और इसके ऐतिहासिक वैज्ञानिक डेटा का विश्लेषण आज भी लगातार नए खुलासे कर रहा है। हाल ही में (मई 2026 में) चंद्रयान-3 मिशन को इसकी अभूतपूर्व सफलता के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित 2026 गॉडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**1. विक्रम लैंडर के 'हॉप' प्रयोग से मिली नई जानकारियां**

अपने मिशन के अंतिम चरण में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने अपने इंजनों को दोबारा चालू करके चंद्रमा की सतह पर एक नियंत्रित हॉप (उछाल) प्रयोग किया था। वह अपनी शुरुआती जगह से लगभग 50 सेमी दूर जाकर उतरा। इस प्रयोग के बाद वहां लगाए गए उपकरण ChaSTE, जिसे चांद की सतह पर थर्मोफिजिकल (तापमान की पहचान के लिए एक्सपेरिमेंट) जांच के लिए लगाया गया था, के डेटा विश्लेषण से चंद्रमा की मिट्टी के बारे में काफी अनोखी वैज्ञानिक जानकारियां मिली हैं। इसे हाल ही में अमेरिकी एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की ओर से प्रकाशित किया गया है। परतदार मिट्टी की संरचना: विक्रम लैंडर के डेटा के विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की ऊपरी 6.5 सेमी सतह कोई समान धूल का ढेर नहीं है, बल्कि यह दो अलग-अलग गुणों वाली परतों से बनी है।

**गहराई में सघन मिट्टी:** सतह के नीचे जाने पर मिट्टी का खिंचाव और उसका घनत्व काफी बढ़ जाता है। इसका मतलब है कि गहराई में मिट्टी ज्यादा पैक और चिपचिपी है।

**तापमान में तेजी से गिरावट:** स्थानीय गड्ढों और खाइयों के कारण वहां एक छाया प्रभाव काम करता है, जिसकी वजह से तापमान वैश्विक मॉडलों के अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से गिरता है।

**इंजन के प्रभाव से बदलाव:** विक्रम लैंडर के इंजन के दोबारा स्टार्ट होने से वहां की ऊपरी 3 सेमी मिट्टी उड़ गई और उसके नीचे का संकुचित हिस्सा बाहर आ गया।

यह चंद्रमा की मिट्टी की स्थानीय विविधता का सतह पर किया गया पहला सीधा विश्लेषण है, जो भविष्य में वहां इंसानी घर बनाने और सतह से पानी निकालने की तकनीक विकसित करने में बहुत काम आएगा।

# India-Japan Investment: जापान से कारोबार बढ़ाने पर भारत का फोकस, गोयल बोले- 1580 नई सुजुकी जैसी कंपनियां बनें

India Japan Trade: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-जापान कारोबारी साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर जोर दिया। उन्होंने भारत में मौजूद 1,580 जापानी कंपनियों से सुजुकी जैसी सफलता की मिसाल बनने की उम्मीद जताई। क्या जापानी निवेश को और बढ़ाया जाएगा? केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और जापान के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कारोबारी सहयोग को अगले दशक में नई ऊंचाई तक ले जाने की जरूरत है। गोयल ने जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (JCCI) की जापान-इंडिया बिजनेस कंसल्टेटिव कमेटी (JIBCC) और भारतीय दूतावास की राउंड टेबल बैठक में यह बात कही।

> सुजुकी ने भारत में चार दशकों में जिस तरह सफलता की मिसाल कायम की है, हम वैसी ही कई और कहानियां देखना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि भारत में मौजूद 1,580 कंपनियां भी इसी तरह आगे बढ़ें और देश को वैश्विक कारोबार का मजबूत केंद्र बनाएं।
>
> *पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री*



**डेटा सेंटर, मैन्युफैक्चरिंग और AI में निवेश के अवसर**

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में डेटा सेंटर, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत और जापान के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों का फायदा दोनों देशों को मिले और द्विपक्षीय व्यापार अधिक संतुलित दिशा में आगे बढ़े। गोयल भारत-जापान व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 200 से अधिक प्रतिनिधियों वाले बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। गोयल के मुताबिक, आगामी समझौतों के बाद भारत के FTA नेटवर्क के जरिए दुनिया के करीब 75 प्रतिशत व्यापार को कवर करने का लक्ष्य है। इससे भारत वैश्विक वैल्यू चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत कर सकेगा।

गोयल ने कहा कि भारत और जापान इस वर्ष राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और इसे 'इंडिया-जापान ईयर ऑफ शेयर्ड होराइजंस' के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों की साझेदारी के भविष्य और अगले दशक में कारोबार के स्तर पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में चर्चा का बेहतर अवसर है।

**दोगुनी हो जापानी कंपनियों की मौजूदगी**

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत में पहले से बड़ी संख्या में जापानी कंपनियां काम कर रही हैं। उनका लक्ष्य है कि इस दशक में भारत में सक्रिय जापानी कंपनियों की संख्या मौजूदा स्तर से दोगुनी हो। उन्होंने कहा कि भारत लगातार सुधार के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में जापान को साझेदार के रूप में देखता है। गोयल के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था आज करीब चार ट्रिलियन डॉलर की है और 2047 तक इसे 30 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

**भारत में बनें 1,580 'सुजुकी' जैसी कंपनियां**

गोयल ने भारत की युवा आबादी को देश की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि यहां कामकाजी आबादी की औसत उम्र 30 वर्ष से कम है और आने वाले कई दशकों तक यह आबादी युवा बनी रहने की उम्मीद है। उन्होंने जापानी कंपनी सुजुकी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में कंपनी ने पिछले चार दशकों में लंबा सफर तय किया है और आज उसके बड़े तथा लाभदायक कारोबार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। गोयल ने कहा कि वह भारत में प्रतिनिधित्व करने वाली 1,580 कंपनियों से ऐसी ही सफलता की उम्मीद करते हैं और चाहते हैं कि भारत से 1,580 सुजुकी जैसी कंपनियां विकसित हों।

**8-9 देशों के समूहों से FTA पर बातचीत**

गोयल ने बताया कि भारत फिलहाल 8-9 और देशों या देशों के समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर बातचीत कर रहा है। इन संभावित समझौतों से करीब 15 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त अर्थव्यवस्था तक बाजार पहुंच मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इन समझौतों के जरिए करीब 60 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त GDP वाली 38 विकसित अर्थव्यवस्थाओं तक पहुंच बनी है। जापान, दक्षिण कोरिया और ASEAN क्षेत्र के साथ पहले हुए व्यापार समझौतों ने भी करीब 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंच उपलब्ध कराई है।

# मेलिंडा का नया जीवन मंत्र: अपने लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं, सबसे अमीर शख्स की पत्नी शादी टूटने से कैसे उबरीं



- दुनिया के सबसे अमीर शख्स बिल गेट्स की पत्नी थीं मेलिंडा।
- नई किताब में तलाक को जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया।
- जब एक साथ कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हों, तो हर काम में संपूर्णता की जिद छोड़ें सबकुछ सही नहीं हो सकता।

कभी माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के संस्थापक और लंबे समय तक दुनिया के सबसे अमीर शख्स रहे बिल गेट्स की पत्नी मेलिंडा एन फ्रेंच गेट्स (60) ने शादी के 27 साल बाद हुए तलाक को जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया है। तलाक के बाद उनके जीवन में बड़ा शून्य और तनाव आ गया था। हालांकि अब वह इससे उबर चुकी हैं और अपनी नई पुस्तक द नेक्स्ट डे: ट्रांजिशंस, चेंज, एंड मूविंग फॉरवर्ड में उन्होंने इस दौर से बाहर निकलने का अपना निजी अनुभव और तरीका साझा किया।

उन्होंने लोगों को नया जीवन मंत्र दिया है, तनाव से राहत पाने के लिए अपने स्मार्टफोन को दूर रखें और रोज कम से कम 10 मिनट पूरी तरह शांत वातावरण में केवल खुद के साथ बिताएं। इस दौरान चाहे ध्यान लगाएं, हल्की जॉगिंग करें या फिर आंखें बंद करके सिर्फ गहरी सांसें लें, इससे आपके शरीर और मन में नई ऊर्जा भर सकती है। यह 10 मिनट आपके लिए संजीवनी का काम कर सकता है।

**अपने लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं**

मेलिंडा मानती हैं कि शुरुआत में वे स्वयं के लिए समय निकालने को बेकार का विचार मानती थीं। उनका सारा समय तीनों बच्चों की देखभाल में बीत जाता था। बच्चों को स्कूल भेजने के बाद या उनके सोने के समय उन्हें यह अहसास हुआ कि यदि वह खुद को आराम नहीं देंगी तो मानसिक रूप से थक जाएंगी।

यह दरअसल उनके लिए आत्मसाक्षात्कार का समय था। इस समय उन्होंने समझा कि खुद के लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं है। वह खुद अंदर से शांत होंगी, तभी परिवार और समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे पाएंगी।

- तुरंत व्यस्तता की ओर न भागें। जब जीवन में अचानक बड़ा परिवर्तन या दुख आए, तो खुद को किसी काम में झोंकने के बदले थोड़ा ठहरें। बीते लम्हों को महसूस करें और नई उत्पन्न स्थिति से सीखने का समय दें।
- हर काम में संपूर्णता की जिद छोड़ दें। जब आप परोपकार, मातृत्व, लेखन और बिजनेस एक साथ कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हों, तो सब कुछ बिलकुल सही नहीं हो सकता। इसलिए इसका दबाव हटा दें और हर छोटी बात को नियंत्रित करने की आदत से बचें।
- अचानक आए बदलाव आपकी पहले से बनी योजनाओं और पहचान को ध्वस्त कर सकते हैं, लेकिन इस खालीपन में खुद के साथ बिताए गए कुछ शांत पल ही जीवन का वास्तविक सार हैं।
- असहजता को स्वीकारें। मानसिक विकास अक्सर असहज स्थितियों में ही होता है। इससे घबराने की जगह इसे अपनाएं।

# जापान में पीयूष गोयल का सख्त अंदाज: चीन पर तंज से लेकर जापानी उद्योग को आईना; निवेश का न्योता, साझेदारी पर दम




**गायब होकर जापान में प्रोफेसर नहीं बनेंगे'**

चीन का नाम लिए बगैर गोयल ने जापान की कमजोर नस को बहुत ही हल्के-फुल्के, लेकिन प्रभावी अंदाज में उठा दिया।भारत को डाटा सेंटर के लिए सबसे भरोसेमंद ठिकाना बताते हुए उन्होंने चीन पर तगड़ा तंज मारा। उन्होंने कहा कि भारत में आपके आंकड़े कभी चोरी नहीं होंगे और बौद्धिक संपदा से समझौता नहीं होगा। भारत में बौद्धिक संपदा का सम्मान है और उद्यमशीलता का उत्सव मनाया जाता है। इसके बाद बिना किसी देश या व्यक्ति का नाम लिए उन्होंने वह बात कही, जिसका इशारा कमरे में मौजूद हर शख्स ने समझा। गोयल ने कहा कि आपको यह चिंता नहीं करनी पड़ेगी कि भारत में पैसा कमा लिया या सफल कारोबारी बन गए तो एक दिन गायब हो जाएंगे और किसी जापानी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बनकर सामने आएंगे। भारत में वह जोखिम नहीं है।इससे पहले भी वह इसी दिशा में इशारा कर चुके थे। जापानी कंपनियों की उस पुरानी रणनीति पर सवाल आया, जिसमें पहले चीन और फिर दक्षिण-पूर्व एशिया में विस्तार किया गया, तो गोयल ने भारत को किसी का विकल्प कहलाने से ही इनकार कर दिया। बोले, भारत कोई प्लस वन देश नहीं है, भारत अपनी खूबियों और अपने दम पर खड़ा भरोसेमंद साझेदार है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल जापान से निवेश मांगने पहुंचे हैं, लेकिन टोक्यो में उनका तेवर मांगने वाले का नहीं था। सोमवार को अलग-अलग बैठकों में उन्होंने जापानी उद्योग जगत को भारत में निवेश का न्योता दिया और साथ ही उसकी शिकायतों पर पलटकर सवाल भी खड़े कर दिए और वहीं समाधान भी देकर नए भारत का नमूना भी दिखा दिया। एक बैठक में उन्होंने साफ कहा कि उद्योग के कुछ हिस्सों की मांगें पूरी करना बहुत मुश्किल होता है और इसके लिए वह माफी नहीं मांगते। गोयल की दो टूक- कहा कि वह खुलकर और साफ बोलते हैं। पीयूष गोयल का संदेश स्पष्ट था कि भारत निवेश के लिए दरवाजे खोल रहा है, लेकिन अपनी शर्तों और हितों की कीमत पर नहीं। तेवर सिर्फ सख्ती का नहीं था। कारोबार सुगमता पर सवाल आया तो गोयल ने उसी दिन की दो घटनाओं का उदाहरण रख दिया। उन्होंने बताया कि सुबह उनकी दो बड़ी कंपनियों के साथ बैठक हुई थी। इनमें एक भारत में सेमीकंडक्टर उपकरण बनाना चाहती है और दूसरी वाहन कलपुर्जों के क्षेत्र में काम करती है। दोनों की अपनी-अपनी अड़चनें थीं।

# ट्रंप का 'टैरिफ वार' जारी: चीन के खिलाफ नया प्लान, सस्ते सामान पर 7.5% कर संभव; कनाडा के लिए भी बढ़ी मुश्किल




**चीन पर पहले से लगे शुल्क के ऊपर लगेगा नया टैरिफ?**

प्रस्तावित नया शुल्क चीन पर पहले से लागू टैरिफ के अतिरिक्त होगा। पिछले महीने अमेरिका ने दुनिया की करीब 60 अर्थव्यवस्थाओं से आने वाले सामान पर 10 से 12.5 फीसदी तक के शुल्क की घोषणा की थी। इन देशों पर जबरन मजदूरी से बने उत्पादों पर रोक को प्रभावी ढंग से लागू नहीं करने का आरोप लगाया गया था। चीन समेत कई देशों ने इस कदम का विरोध किया था।

**चीन के 'ओवरकैपेसिटी' पर अमेरिका की नजर**

ट्रंप प्रशासन ने मार्च में चीन समेत कई देशों की अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता और जबरन मजदूरी से जुड़े नियमों को लेकर औपचारिक जांच शुरू की थी। चीन की जांच अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 301 के तहत की जा रही है। अमेरिका का आरोप है कि चीन की कई इंडस्ट्रीज में जरूरत से ज्यादा उत्पादन क्षमता है, जिससे वैश्विक बाजार में कम कीमत वाले उत्पादों की आपूर्ति बढ़ रही है। ऑटोमोबाइल, सोलर पैनल, सीमेंट और स्टील जैसे क्षेत्रों में चीन की बड़ी उत्पादन क्षमता को लेकर उसके व्यापारिक साझेदार चिंता जता चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के सस्ते सामान पर नया 7.5% टैरिफ लगाने की तैयारी में हैं। वहीं, उन्होंने कनाडा से आने वाली कारों, ऑटो पार्ट्स और स्टील पर 2027 से 50% शुल्क लगाने का एलान किया है। इससे दोनों देशों के साथ अमेरिका का व्यापार तनाव बढ़ सकता है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में हैं। मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, यह कदम चीन पर वैश्विक बाजार में कम कीमत वाले सामान की बाढ़ लाने के आरोप के बाद उठाया जा रहा है। प्रस्तावित शुल्क 7.5 फीसदी हो सकता है, हालांकि अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि अमेरिकी प्रशासन ऐसा स्तर तय करना चाहता है जिससे अमेरिका और चीन के बीच चल रहा एक साल का व्यापारिक समझौता प्रभावित न हो। साथ ही सितंबर के अंत में ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच प्रस्तावित मुलाकात पर भी इसका असर न पड़े। चीन में घरेलू मांग धीमी होने के कारण कई कंपनियों ने विदेशी बाजारों का रुख किया है। इससे देश के निर्यात में बढ़ोतरी हुई और पिछले साल चीन का व्यापार अधिशेष करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि चीन ने कभी बड़े व्यापार अधिशेष को अपना लक्ष्य नहीं बनाया।इस बीच ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ भी टैरिफ बढ़ाने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2027 से कनाडा से आने वाली कारों, ट्रकों, ऑटो पार्ट्स और स्टील पर शुल्क बढ़ाकर 50 फीसदी किया जाएगा।

# सस्ता होगा इंडक्शन: चूल्हा सब्सिडी की तैयारी में सरकार, किस राष्ट्रीय योजना की पहल, प्रस्ताव में क्या खास?




सूत्रों के मुताबिक, सरकार का यह कदम पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद आयातित कुकिंग गैस पर भारत की निर्भरता को लेकर नए सिरे से पैदा हुई चिंताओं के बीच उठाया गया है। भारत तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक है। देश की कुल 3.3 करोड़ टन की वार्षिक मांग का लगभग 65 फीसदी हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है, जिसमें से करीब 90 फीसदी आपूर्ति पश्चिम एशिया से आती है।नीति आयोग, विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, डीपीआईआईटी और बिजली कंपनियों के बीच हाल ही में हुई बैठक में इस बदलाव को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। योजना का हितधारकों के साथ विचार-विमर्श अभी शुरुआती चरण में है।




नीति निर्माता इंडक्शन चूल्हे को 34 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए वैश्विक एलपीजी आपूर्ति व्यवधानों के जोखिम को कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में देख रहे हैं।

ऊर्जा बाजार में अस्थिरता के बीच केंद्र सरकार एलपीजी सिलिंडरों पर 34 करोड़ उपभोक्ताओं की निर्भरता घटाने के लिए इंडक्शन चूल्हे पर सब्सिडी देने की तैयारी में है। आयातित कुकिंग गैस पर निर्भरता को लेकर नए सिरे से पैदा चिंता के बीच उठाया गया है।अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में लगातार अस्थिरता के बीच केंद्र सरकार रसोई गैस के भारी-भरकम आयात और बढ़ते सब्सिडी बोझ से निपटने के लिए बड़ा नीतिगत कदम उठाने जा रही है। एलपीजी सिलेंडरों पर देश के 34 करोड़ उपभोक्ताओं की निर्भरता घटाने के लिए इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हे को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय योजना की तैयारी चल रही है। इसके तहत इंडक्शन चूल्हों पर प्रत्यक्ष सब्सिडी, प्रमुख उपकरणों पर आयात शुल्क में कटौती और बिजली वितरण नेटवर्क के बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने का प्रस्ताव है।

**1 लाख करोड़ का सब्सिडी बोझ**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आई तेजी ने केंद्र सरकार और तेल विपणन कंपनियों के वित्तीय गणित को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पीएल कैपिटल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर अंडर-रिकवरी लगभग 490 रुपये प्रति सिलेंडर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में पेट्रोलियम/ एलपीजी सब्सिडी के लिए लगभग 30,000 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था। मौजूदा दरों पर यह खर्च एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है, जिससे राजकोषीय घाटे पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

# टाटा संस : उत्तराधिकारी पर मंथन के लिए 17 सितंबर को बोर्ड की बैठक? एजीएम की नई तारीख पर चर्चा भी संभव




**चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त के इस्तीफे में क्या कहा?**

बैठक में टाटा संस की सालाना आम बैठक (एजीएम) की नई तारीख पर भी चर्चा हो सकती है। इससे पहले टाटा संस एजीएम 18 अगस्त को कोरम पूरा नहीं होने के कारण टाल दी गई थी। चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त को अपने इस्तीफे में कहा था कि वह टाटा संस के चेयरमैन के तौर पर तीसरा कार्यकाल नहीं लेना चाहते।

**टाटा समूह में हो क्या रहा है**

चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल से इन्कार के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि टाटा समूह की सबसे महत्वपूर्ण होल्डिंग कंपनी टाटा संस की कमान आगे किसके हाथ में जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड की पिछली बैठकों में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और ट्रस्टी चंद्रशेखरन को लेकर अलग-अलग रुख पर कायम रहे।

टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के भविष्य को लेकर सितंबर में तस्वीर और साफ हो सकती है। टाटा संस बोर्ड की बैठक 17 सितंबर को होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के एजेंडे में फिलहाल चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल से जुड़ा मुद्दा औपचारिक रूप से शामिल नहीं है, लेकिन इस पर चर्चा होने के आसार हैं।

**उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया शुरू**

इसके बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश तेज हो गई है। टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख ट्रस्टों में से एक सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन के उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में बोर्ड की अगली बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ब्यूरो

**2017 से टाटा संस के चेयरमैन हैं चंद्रशेखरन**

**चंद्रशेखरन जनवरी 2017 से टाटा संस के चेयरमैन हैं और उनके नेतृत्व में समूह ने कई बड़े कारोबारी फैसले लिए हैं। ऐसे में उनके तीसरे कार्यकाल से हटने का फैसला टाटा समूह के लिए नेतृत्व परिवर्तन का बड़ा दौर शुरू कर सकता है।**




# Gold-Silver Price: सोने की चमक फिर बढ़ी, चांदी 2.5 लाख के पार; तांबा-जिंक समेत इन धातुओं में भी बढ़े दाम



अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने ने सोमवार को 4729.70 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर छुआ। वहीं घरेलू बाजार एमसीएक्स पर सोने ने 1.43 फीसदी की तेजी के साथ 164,758 रुपये प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ। चांदी में भी लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त जारी रही। सोमवार को यह 3,500 रुपये चढ़कर 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम के चार महीने से अधिक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई। कॉमेक्स पर चांदी ने 69.66 डॉलर प्रति औंस का शीर्ष स्तर छुआ।

**एल्युमीनियम और जिंक में गजब की तेजी**

पिछले दो महीने में तांबा 9.68%, एल्युमीनियम 4.88 फीसदी और जिंक 15.48 फीसदी चढ़ा है। जबकि एक साल में तांबा 54.74 फीसदी, एल्युमीनियम 38.45 फीसदी, लेड 9.24 फीसदी और जिंक 55.46 फीसदी महंगा हुआ है।

Gold-Silver Price: त्योहारों से पहले सोना-चांदी समेत औद्योगिक धातुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और लेड महंगे होने से पंखे, एसी, फ्रिज, टीवी, वाहन और घर बनाने की लागत बढ़ सकती है। ऐसे में क्या आने वाले दिनों में आम लोगों की जेब पर महंगाई का बोझ और बढ़ेगा? पढ़िए रिपोर्ट- त्योहारों से ठीक पहले कमोडिटी बाजार में हलचल मची हुई है। कीमती धातुओं और औद्योगिक धातुओं दोनों में एकसाथ तेजी आ रही है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा बॉन्ड बायबैक कार्यक्रम के विस्तार के बाद डॉलर सूचकांक गिरकर 98 के स्तर पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सभी धातुओं की कीमत डॉलर में तय होती है। डॉलर कमजोर होने पर खरीदारों के बीच मेटल्स की मांग बढ़ गई है, जिसका असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है। अगर कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो जल्द ही तमाम चीजें महंगी होंगी।



# The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का दौर जारी; सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़का, निफ्टी 24,250 के नीचे




**बाजार में गिरावट की मुख्य वजह क्या है?**

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार की गिरावट के पीछे दो प्रमुख कारण रहे। पहला, अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में पिछली रात हुई भारी गिरावट का असर भारतीय बाजार पर पड़ा। दूसरा, कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि भी बाजार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ गया।गुरुवार, 20 अगस्त को घरेलू इक्विटी बाजार में उछाल देखा गया था। निफ्टी में 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। इस दिन भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों से चली आ रही गिरावट की श्रृंखला को तोड़ा था। निवेशकों ने निचले स्तरों पर मूल्य खरीदारी की थी। इससे बाजार को कुछ राहत मिली थी।विश्लेषकों का अनुमान है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में रह सकते हैं। हालांकि, हल्की सुधार की संभावना भी बनी हुई है। मजबूत वैश्विक संकेत भी बाजार को सहारा दे सकते हैं।

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 50 अंक से अधिक गिरा, जबकि निफ्टी 24,250 के नीचे आ गया। वॉल स्ट्रीट में नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर दिखा। आईटी शेयरों में भी गिरावट आई।भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट का रुख रहा। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़क गया। वहीं, निफ्टी भी 24,250 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट में रात भर के नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण हुई। आईटी शेयरों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया।गुरुवार, 20 अगस्त को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों की लगातार गिरावट को रोका था। हालांकि, शुक्रवार को बाजार इस सुधार को बनाए रखने में संघर्ष करता दिखा। सुबह 09:33 बजे सेंसेक्स 77,486.07 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसमें 51.65 अंक या 0.06 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 भी 24,219.20 अंक पर था। इसमें 12.65 अंक या 0.05 फीसदी की कमी आई।सात लगातार सत्रों की गिरावट के बाद मूल्य खरीदारी इसका समर्थन कर सकती है।

## कंगना रनौत या अभिजीत दीपके किसकी अंग्रेजी ज्यादा बेहतर?




Kangana Ranaut's English: कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना और अभिजीत दीपके का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने यह बताने की कोशिश की है कि किसकी अंग्रेजी ज्यादा अच्छी है? अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके पर तंज कसा है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया, जिसमें दोनों की इंग्लिश बोलने की काबिलियत की तुलना की गई है। कंगना ने यह रील अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर की। इसमें पहले दीपके को इंग्लिश में पब्लिक स्टेटमेंट देते हुए दिखाया गया, उसके बाद बाद कंगना की एक क्लिप दिखाई गई, जिसमें वह अंग्रेजी में बात कर रही थीं।

**कैप्शन में क्या है?**

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जो रील शेयर की है उसका कैप्शन है '12वीं पास कंगना रनौत बनाम बोस्टन यूनिवर्सिटी के सीजेपी दीपके का इंग्लिश लेवल। एक आग है, तो दूसरे को रीबूट की जरूरत है।'

कंगना ने अंग्रेजी पर बात की

कंगना ने पहले भी अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत में अंग्रेजी को लेकर हुई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने याद किया कि 'कॉफी विद करण' में सोनम कपूर ने उनका मजाक उड़ाया था। बाद में उस अनुभव पर बात करते हुए कहा कि फिल्म माफिया के साथ वर्षों की लड़ाई से मैंने एक चीज सीखी है।

वह यह है कि किसी बाहरी व्यक्ति का अंग्रेजी न बोल पाने पर कभी मजाक नहीं उड़ाया जाएगा।

वह शो अब हमेशा के लिए बंद हो चुका है। उन्होंने आगे कहा, 'प्लीज, आखिर में मेरी वापसी देखना न भूलें। 24 साल की उम्र में भी, सबके सामने बुली किए जाने, बेइज्जत किए जाने और मजाक उड़ाए जाने के बावजूद, मैंने शालीनता, समझदारी, अच्छी तरह से बात रखने का हुनर और विनम्रता दिखाई। इसका मुकाबला वे अंग्रेजी बोलने वाली आंटियां, जिनकी परवरिश बहुत 'बढ़िया' मानी जाती है, कभी नहीं कर सकतीं. एक फैन ने पूछा कि अंग्रेजी बोलते समय वह हिचकिचाते क्यों हैं।

## नशे में धुत्त हुईं हानिया आमिर? पाकिस्तानी एक्ट्रेस का वीडियो वायरल



Haania Aamir Viral Video: हानिया आमिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो पर यूजर्स की राय बंटी हुई है। कुछ यूजर्स का कहना है कि वह नशे में हैं। वहीं कुछ यूजर्स ने उनका सपोर्ट किया है। पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर इन दिनों अपने एक वायरल वीडियो के चलते चर्चा में हैं। उनका वीडियो काफी वायरल है, जिसमें वह अपनी टीम के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। उनके बात करने के अंदाज को लेकर नेटिजन्स के बीच तरह-तरह की बातें हो रही हैं। कुछ लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने शराब पी है। मगर इन दावों का कोई आधिकारिक आधार नहीं है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला?

- वायरल वीडियो में क्या है?सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हानिया आमिर हेयर ड्रेसिंग सेशन के दौरान बैठी हैं।
- जानकारी के मुताबिक, वह एक खास लुक के लिए विग और हेयरस्टाइल तैयार कर रही हैं।
- इस दौरान वह अपनी टीम की एक महिला से हंसती और बातें करती दिख रही हैं।
- अभिनेत्री के बात करने के अंदाज से लग रहा है कि वह नशे में हैं।
- हालांकि यह वीडियो कब और कहां शूट किया गया, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स दो धड़ों में बंट गए हैं। कुछ यूजर्स ने हानिया के बोलने के तरीके और चेहरे के हाव-भाव को देखकर यह मान लिया कि उन्होंने शराब पी है। इसके बाद उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया।

वहीं दूसरी तरफ उनके फैंस ने उनका सपोर्ट किया है। फैंस का कहना है कि वह वीडियो में वह मजाक कर रही हैं।

## क्या चुराई गई है तापसी पन्नू की अपकमिंग फिल्म 'गांधारी' की कहानी?

# प्रोडक्शन हाउस ने आरोपों पर कही ये बात



Gandhari: तापसी पन्नू की अपकमिंग फिल्म 'गांधारी' पर आरोप है कि इसकी कहानी चुराई गई है। इस तरह के आरोपों को लेकर प्रोडक्शन हाउस ने एक पोस्ट शेयर की है। जानिए क्या है सच्चाई? तापसी पन्नू अपनी अपकमिंग फिल्म 'गांधारी' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर ने पहले ही फैंस के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है। इसमें अभिनेत्री दमदार अवतार में नजर आई हैं। हालांकि, 'गांधारी' हाल ही में एक विवाद में फंस गई। मुंबई के लेखक राघव देसाई ने दावा किया है कि उन्होंने 2024 में मेकर्स को ऐसी ही एक स्क्रिप्ट का आइडिया दिया था। उन्होंने टीम पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनका आइडिया चुराया और उसे कनिका ढिल्लों के नाम से डेवलप किया। इस मामले पर लेखक और निर्माता कनिका ढिल्लों की कंपनी कथा पिक्चर्स ने चुप्पी तोड़ी है।

**प्रोडक्शन हाउस ने क्या कहा?**

प्रोडक्शन हाउस ने आगे कहा, 'हम मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और आम लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे इन आरोपों को वैसा ही समझें जैसे वे हैं। यानी बिना पुष्टि किए गए और झूठे। इन्हें सच मानकर प्रकाशित, प्रसारित या दोहराने से बचें।' इस साल फरवरी में 'गांधारी' के फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी किए गए थे। 'गांधारी' एक रिवेंज ड्रामा है, जिसे देवाशीष मखीजा ने डायरेक्ट किया है।

## पिता को याद कर छलके CID के इंस्पेक्टर दया के आंसू संघर्ष के दिनों को किया याद



Dayanand Shetty: चर्चित शो 'साईडी' में दया का किरदार अभिनेता दयानंद शेट्टी ने अदा किया। हाल ही में वे अपने पिता को याद कर भावुक होते दिखे। लोकप्रिय शो 'सीआईडी' ने करीब दो दशक तक दर्शकों का मनोरंजन किया। इसमें एक्टर दयानंद शेट्टी ने इंस्पेक्टर दया का रोल अदा किया। हाल ही में दयानंद एक इंटरव्यू में अपने पिता को याद करते दिखे। इस दौरान वे भावुक हुए और उनकी आंखों से आंसू छलक आए।

सीआईडी देखना नहीं भूलते थे दया के पिता

दयानंद शेट्टी सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में अपने पिता को याद करते दिखे। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके पिता कभी थिएटर में फिल्में नहीं देखते थे। मगर, रात 9:30 बजे वे 'सीआईडी' देखना कभी नहीं भूलते थे। दयानंद ने पिता को लेकर कहा, 'मेरे ख्याल से वे अनलकी इंसान थे। बहुत स्ट्रगल किया उन्होंने। शादी बहुत देर से की। शायद 37 साल की उम्र में। उनकी एक बहन थी, जिनके पति छोड़कर चले गए थे और उनके बच्चे थे। उनके बच्चों की शिक्षा का वह पूरा देख रहे थे। पहले ऐसा दौर था कि बहन के बच्चों की या बहन की लाइफ सैटल नहीं हुई और भाई ने शादी कर ली तो उसे 'क्राइम' की तरह माना जाता था। उन्होंने अपनी बहन के लिए बहुत कुछ किया'।

# Miss Universe India 2026

## मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज केरल की सुंदरी लिज़ को




Miss Universe India 2026: मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के टॉप-5 फाइनलिस्ट में तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र से उत्तराखंड तक की सुंदरियां शामिल रहीं। मिस यूनिवर्स 2026 का खिताब किसे मिला? जानिए इस खबर मेंमिस यूनिवर्स इंडिया 2026 प्रतियोगिता में 53 सुंदरियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। टॉप-5 फाइलिस्ट में तमिलनाडु की वैष्णवी (Vaishnavi Ganesh), महाराष्ट्र की तेजस्विनी श्रीवास्तव, केरल की कैजिया लिज मैजो (Kaziah Liz Mejo), गुजरात की अनुश्री सतवालेकर (Anushri Satavlekar) और उत्तराखंड की अनुभा वशिष्ठ (Anubha Vashisht) शामिल रहीं।

अंतिम राउंड में इन लोगों के सामने 40 सेकेंड में अपने क्लोजिंग रिमार्क पेश करने की चुनौती रखी गई। पांचों फाइनलिस्ट ने भविष्य को लेकर अपना नजरिया, अब तक के जीवन में मिली चुनौतियां, इस मंच तक के सफर जैसे विषयों को बखूबी समाहित किया। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की विजेता का एलान रात करीब 2.50 बजे किया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की विजेता मनिका विश्वकर्मा ने केरल की विजेता को क्राउन पहनाया। फाइनल स्पर्धा के शीर्ष दो स्थान पर केरल और तमिलनाडु की सुंदरियां पहुंचीं। ताज केरल की युवा प्रतिभा को पहनाया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में हुआ

## Awarapan 3: क्या बन रही 'आवारापन 3'?

# फिल्म को लेकर बिलाल सिद्दीकी का बड़ा खुलासा



Awarapan 2: एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर राइटर बिलाल सिद्दीकी ने बड़ा खुलासा किया है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। इमरान हाशमी और दिशा पटानी की फिल्म 'आवारापन 2' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब इसके तीसरे पार्ट पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में जब बिलाल से पूछा गया कि क्या शिवम की कहानी इसके तीसरे पार्ट में आगे बढ़ सकती है? तब उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि विशाल (प्रोड्यूसर) ने पार्ट 2 का अंत इस तरह रखा है कि अगर वह चाहें तो कहानी को आगे बढ़ा सकते हैं। इसलिए, हम अभी उनसे और उनके प्लान के बारे में सुनने का इंतजार कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि फैंस शिवम के किरदार को इतना पसंद करते हैं कि वे उसे एक और पार्ट में जरूर देखना चाहेंगे। मेरे दिमाग में भी यही था कि पार्ट 3 की कहानी कैसी हो सकती है या उसे किस तरह आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन अभी तक कोई कहानी तय नहीं हुई है। किसी ने अभी तक उस पर काम भी शुरू नहीं किया है।' नितिन कक्कड़ निर्देशित फिल्म 'आवारापन 2' की कहानी की बात की जाए तो इसमें शिवम (इमरान) को दिवंगत प्रेमिका (श्रिया सरन) की कब्र पर एक लावारिस बच्ची मिलती है। वह उसका नाम आलिया रखता है। शिवम उसे अनाथालय में छोड़ देता है। यह फिल्म 2007 में रिलीज हुई

## क्या रणबीर की 'ब्रह्मास्त्र 2' में नजर आएंगी दीपिका पादुकोण? एक्ट्रेस के प्रवक्ता ने बताया सच



Deepika Padukone In Brahmastra 2: अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को लेकर ऐसी खबरें सामन आईं कि वे फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2' में नजर आएंगी। अब इन चर्चाओं पर अभिनेत्री के प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया दी है। जानिए क्या कहा? फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' साल 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आए। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि दूसरे पार्ट में दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। वे अमृता की भूमिका अदा करेंगी। मगर, अभिनेत्री के प्रवक्ता ने ऐसी खबरों को खारिज कर दिया है।

**क्या रणबीर कपूर की फिल्म में दिखेंगी दीपिका?**

दीपिका पादुकोण 'ब्रह्मास्त्र 2' में नजर नहीं आएंगी। उनके प्रवक्ता ने यह बात कही है। इस स्पष्टीकरण से उन वायरल खबरों का खंडन होता है जिनमें दावा किया गया था कि एक्ट्रेस इस सीक्वल में अहम भूमिका निभाएंगी।

- इंडिया टुडे डिजिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका पादुकोण 'ब्रह्मास्त्र 2' से नहीं जुड़ी हैं।
- दीपिका पादुकोण के प्रवक्ता ने साफ किया कि वे खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं, जिनमें कहा गया था कि दीपिका 'ब्रह्मास्त्र 2' में दिखाई देंगी।
- दीपिका पादुकोण के प्रवक्ता ने कहा, 'हाल ही में आई वे सभी खबरें गलत हैं, जिनमें कहा गया है कि दीपिका पादुकोण 'ब्रह्मास्त्र 2' का हिस्सा हैं या किसी भी तरह से इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।
- हालांकि, दीपिका के इसमें शामिल होने की अटकलें यूं ही नहीं लगी थीं। साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'ब्रह्मास्त्र-पार्ट वन शिवा' में एक्ट्रेस की एक बहुत छोटी सी झलक दिखी।

# Aaj Ka Rashifal 25 August

## मिथुन और धनु राशि वालों को रहना होगा सावधान, जल्दबाजी से बिगड़ सकता है काम




**Rashifal 25 August**: ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति सभी राशियों के जीवन पर अलग-अलग असर डाल सकती है। कुछ जातकों के लिए करियर और धन के मामले में दिन अच्छा रहेगा। आइए जानते हैं मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**Rashifal 25 August:** 25 अगस्त 2026 का दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज ग्रहों की चाल का असर जातकों के करियर, कारोबार, आर्थिक स्थिति, प्रेम संबंध और पारिवारिक जीवन पर देखने को मिल सकता है। कुछ राशि वालों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के साथ नई जिम्मेदारियां या अवसर मिल सकते हैं, वहीं कुछ लोगों को पैसों से जुड़े मामलों में सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत होगी।

### मेष

आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। कामकाज में शानदार सफलता मिलने के संकेत हैं और आपकी पुरानी मेहनत का असर अब साफ नजर आएगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में भी राहत या जीत की खबर मिल सकती है। आपकी पहचान, प्रभाव और रुतबा बढ़ेगा। कारोबार में लंबे समय से चली आ रही परेशानियां अब धीरे-धीरे खत्म होंगी। परिवार के साथ बिताया समय मन को सुकून देगा और रिश्तों में भी गर्माहट बनी रहेगी।

### वृषभ

आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपकी कार्यशैली की तारीफ करेंगे। किसी खास सामाजिक कार्यक्रम में आपकी मौजूदगी आपको दूसरों से अलग पहचान दिला सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मिठास बढ़ेगी और पुरानी दूरियां भी कम होंगी। दिन कुल मिलाकर सुखद रहेगा, लेकिन सेहत के मामले में थोड़ी सावधानी जरूरी है। बाहर का तला-भुना या ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचें।

### मिथुन

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। काम में छोटी सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान रखें। किसी की नकारात्मक बातों को दिल पर न लें और अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। दोस्त आपका साथ देंगे, हालांकि कोई करीबी व्यक्ति आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। लंबे समय से मन में दबी कोई इच्छा आज पूरी होने के संकेत हैं, जिससे मन काफी खुश होगा।

### कर्क

आज का दिन खुशियों और मनोरंजन से भरपूर रहेगा। दोस्तों या परिवार के साथ मस्ती करने और मन हल्का करने के कई मौके मिल सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला थोड़ी चिंता दे सकता है, लेकिन भाई-बहनों का सहयोग आपको राहत दिलाएगा। मां के साथ किसी बात को लेकर गलतफहमी हो सकती है। इसे बहस का रूप देने के बजाय प्यार और बातचीत से सुलझाना बेहतर रहेगा।

### सिंह

आज आप अधूरे कामों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे और अच्छे परिणाम भी हासिल करेंगे। कारोबार में किसी नए व्यक्ति के साथ साझेदारी की शुरुआत हो सकती है। संतान की सफलता से आपका मन गर्व और खुशी से भर जाएगा। हालांकि, किसी बड़े जोखिम में पैसा लगाने से बचें। अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। घर या वाहन खरीदने की योजना भी आगे बढ़ सकती है।

### कन्या

आज आपका आत्मविश्वास और साहस दोनों मजबूत रहेंगे। कुछ नया करने की इच्छा आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी और कारोबार में बदलाव या विस्तार की योजना बन सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा और परीक्षा के परिणाम उम्मीद के मुताबिक आ सकते हैं। मौसम बदलने का असर सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपकी मेहनत का उचित फल मिलने के संकेत हैं।

### तुला

आज सुख-सुविधाओं और खुशियों से भरा दिन रह सकता है। घर के बड़े-बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा और उनके मार्गदर्शन से महत्वपूर्ण फैसले लेना आसान होगा। अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, इसलिए अपने सामान और जरूरी दस्तावेजों का ध्यान रखें। लंबे समय से दिया हुआ उधार वापस मिलने की संभावना है। निवेश करते समय जल्दबाजी न करें। आय के किसी अतिरिक्त स्रोत से भी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है।

### वृश्चिक

आज किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी करने के बजाय पूरी सोच-विचार से आगे बढ़ें। आपकी समझदारी ही आपको सही दिशा दिखाएगी। परिवार की जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें। वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खटास आ सकती है, लेकिन बातचीत और धैर्य से इसे संभाला जा सकता है। परिवार में किसी खुशी या शुभ समाचार से माहौल बेहतर होगा। भाई-बहनों का सहयोग आपके लिए काफी मददगार साबित होगा।

### धनु

आज कुछ उलझनें आपको परेशान कर सकती हैं। गुस्से में आकर कोई फैसला लेने से बचें, क्योंकि बाद में पछताना पड़ सकता है। विरोधी सक्रिय रह सकते हैं, इसलिए अपनी योजनाएं हर किसी के सामने साझा न करें। नया घर खरीदने की योजना है तो कागजात और कानूनी प्रक्रिया अच्छी तरह जांच लें। शेयर बाजार से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है, लेकिन जोखिम का स्तर समझकर ही कदम बढ़ाएं। दोस्तों के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा।

### मकर

आज का दिन थोड़ा मिला-जुला रहेगा। कामकाज में तकनीकी समस्या या किसी छोटी अड़चन के कारण रफ्तार धीमी पड़ सकती है। किसी भी काम को जल्दबाजी में न निपटाएं। जिम्मेदारियां बढ़ने से तनाव महसूस हो सकता है, इसलिए खुद के लिए भी थोड़ा समय निकालें। आराम और मानसिक शांति पर ध्यान देना जरूरी है। जीवनसाथी से किया हुआ कोई वादा पूरा करना न भूलें, इससे रिश्ते में भरोसा बना रहेगा।

### कुंभ

आज लंबे समय से अटके काम पूरे होने की संभावना है। आय बढ़ाने के नए रास्ते खुल सकते हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के संकेत हैं। कोई पुराना कानूनी मामला भी आपके पक्ष में जा सकता है। कार्यक्षेत्र में अच्छी खबर मिलने से उत्साह बढ़ेगा। किसी दोस्त को आपकी जरूरत पड़ सकती है और आप उसकी मदद के लिए आगे आएंगे। आपकी यह मदद रिश्ते को और मजबूत करेगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कामकाज में सुधार होने से मन हल्का और आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात हो सकती है, जो आपके चेहरे पर मुस्कान ला देगी। जीवनसाथी से खुलकर बातचीत करने से मन का बोझ कम होगा। संतान के करियर को लेकर थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। घर की मरम्मत या रिनोवेशन की योजना बन सकती है, लेकिन इसके साथ खर्च भी बढ़ने की संभावना है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## सिंह और तुला राशि वालों को प्रेमजीवन में रहना होगा सावधान, छोटी बात बढ़ा सकती है तनाव




**Aaj Ka Love Rashifal 25 August 2026**: आज ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपके प्रेम जीवन पर देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं 25 अगस्त 2026 का दिन सभी 12 राशियों की लव लाइफ के लिए कैसा रहेगा।

**Love Horoscope 25 August:** 25 अगस्त 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग अनुभव लेकर आ सकता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपकी भावनाओं, बातचीत और पार्टनर के साथ संबंधों पर देखने को मिल सकता है। कुछ राशियों के लिए आज का दिन प्यार और रोमांस से भरा रह सकता है, वहीं कुछ लोगों को रिश्ते में चल रही गलतफहमियों को दूर करने का मौका मिलेगा। प्रेमी जोड़ों के बीच नजदीकियां बढ़ सकती हैं और रिश्ते में मजबूती आ सकती है। वहीं, सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना भी बन सकती है। हालांकि, कुछ राशि वालों को अपने पार्टनर से बातचीत करते समय गुस्से और जल्दबाजी से बचना होगा। आइए जानते हैं 25 अगस्त 2026 को मेष से मीन तक सभी 12 राशियों की लव लाइफ कैसी रहेगी।

# Raksha Bandhan 2026

## रक्षाबंधन से पहले इन 2 दिनों में भी बांध सकते हैं राखी, जानें शुभ मुहूर्त




**Raksha Bandhan 2026:** अगर आप रक्षा बंधन से पहले अपने भाई को राखी बांधने जा रही हैं, तो इन 2 दिनों पर राखी बांधना शुभ हो सकता है। आइए इन दिनों के महत्व और शुभ मुहूर्त को जानते हैं।

**Raksha Bandhan 2026:** हर साल सावन पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम और विश्वास को कई गुना बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। हालांकि, कई बार किसी कारणवश रक्षाबंधन के दिन राखी बांधना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में कुछ बहनें पर्व से पहले ही भाई को राखी बांध देती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसी स्थिति में शुभ तिथि और मुहूर्त का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 28 अगस्त के अलावा किन दिनों में भाई को राखी बांधी जा सकती है और शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

# Shukra Rashi Parivartan

## शुक्र का तुला में गोचर इन चार राशियों को देगा लाभ, नौकरी-कारोबार में होगी तरक्की




**Shukra Rashi Parivartan:** शुक्र का अपनी स्वराशि में गोचर ज्योतिष की दृष्टि से विशेष माना जाता है। इसके शुभ प्रभाव से कुछ राशि के जातकों को करियर और कारोबार से जुड़े क्षेत्रों में शुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**Shukra Rashi Parivartan:** शुक्र सितंबर के प्रारंभ में गोचर करेंगे। वह 2 सितंबर को राशि परिवर्तन करते हुए अपनी ही राशि तुला में प्रवेश करेंगे और 3 अक्तूबर तक यहीं रहेंगे। ऐसे में कुछ राशियों को इस दौरान विशेष लाभ मिल सकता है, क्योंकि शुक्र अपनी ही राशि में रहेंगे। अपनी राशि में होने के कारण शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में रहकर जातकों को शुभ परिणाम दे सकते हैं। इस दौरान करियर, यात्रा, निवेश और रिश्तों से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। साथ ही पहले से अधिक आपका भौतिक सुख बढ़ेगा। ऐसे में आइए जानते हैं, इस समय किन राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।

## September Horoscope 2026: सितंबर में किन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन और किसे मिलेगी टेंशन, पढ़ें राशिफल




September Horoscope For All 12 Zodiac Sign: सितंबर का महीना प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय कुछ राशियों के लिए खास, तो कुछ की परेशानियां भी बढ़ा सकता है। ऐसे में यह महीना आपके लिए कैसा रहेगा, आइए राशिफल जानते हैं।

September Horoscope For All 12 Zodiac Sign: सितंबर का महीना कई मायनों में खास रहने वाला है। इस माह जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी समेत कई प्रमुख त्योहार मनाए जाएंगे। इसके अलावा कई ग्रहों का गोचर भी इस महीने की अवधि को विशेष बनाएगा। बता दें कि, माह के प्रारंभ में ही 2 सितंबर को शुक्र तुला राशि में गोचर करेंगे। इसके बाद बुध, सूर्य और मंगल का राशि परिवर्तन होगा और महीने के अंत में एक बार फिर बुध का गोचर होगा। ग्रहों की इस बदलती चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। जहां कुछ राशि वालों के लिए यह समय लाभ और सफलता लेकर आएगा, वहीं कुछ जातकों को सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी।

## IND vs SL Live Score: 35 पर श्रीलंका को तीसरा झटका मिशारा 19 रन बनाकर आउट प्रसिद्ध को दूसरी सफलता



Live Cricket Score Today IND vs SL 2nd Test Day 3 : नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में जारी है। आज मैच का तीसरा दिन है और भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन बनाकर घोषित कर दी थी। श्रीलंका टीम की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट गंवा दिए हैं।

**IND vs SL Live Score: श्रीलंका को तीसरा झटका**

35 के स्कोर पर श्रीलंका को तीसरा झटका लगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने कामिल मिशारा को विकेटकीपर जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 19 रन बना सके। फिलहाल कामिंदु मेंडिस और पासिंदु सूरियाबंदारा क्रीज पर हैं। प्रसिद्ध को मिली यह दूसरी सफलता है। इससे पहले उन्होंने कल लाहिरू उदारा (1) को आउट किया था। प्रभात भी पवेलियन लौट चुके हैं। उन्हें सुथार ने आउट किया था।

**IND vs SL Live Score: तीसरे दिन का खेल शुरू**

तीसरे दिन के खेल की शुरुआत हो चुकी है। फिलहाल कोलंबो में धूप खिली हुई है। श्रीलंका टीम ने दो विकेट पर आठ रन से आगे खेलना शुरू किया है। पासिंदु दो रन और कामिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर हैं।

**IND vs SL Live: दूसरे दिन क्या हुआ**

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने पहली पारी में दो विकेट पर आठ रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 495 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय कमिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। अपनी पहली पारी में श्रीलंका ने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए। लाहिरू उदारा (1) और प्रभात जयसूर्या 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। अब तीसरे दिन भारतीय गेंदबाज श्रीलंका की पहली पारी जल्द समेटना चाहेंगे।

**IND vs SL Live: भारत ने पारी घोषित की**

भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 503 रन का स्कोर बनाकर पारी घोषित कर दी। ध्रुव जुरेल 177 गेंद पर नौ चौके और दो छक्के की मदद से 115 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा चार रन बनाकर नाबाद रहे। कोलंबो में फिर से काले बादल छा रहे हैं और बारिश की संभावना दिख रही है। आज छह बजे तक खेल होना है, लेकिन बारिश ने खलल डाला तो पहले भी खत्म हो सकता है। आज बारिश की वजह से समय के नुकसान की भरपाई के लिए कल से 15 मिनट पहले खेल शुरू किया जाएगा। भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई। इससे पहले कल भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया।

## IND vs SL Day-3: क्या मौसम बिगाड़ेगा टीम इंडिया का प्लान? तीसरे दिन कोलंबो में बारिश का कितना खतरा, यहां जानें




भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन बारिश की बड़ी भूमिका हो सकती है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक सुबह से बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना बनी रहेगी। ऐसे में भारत की जीत की कोशिशों पर मौसम असर डाल सकता है। भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया मजबूत स्थिति में है, लेकिन तीसरे दिन मौसम उसकी जीत की राह में बड़ी बाधा बन सकता है। दूसरे दिन बारिश ने मैच में कई बार खलल डाला था। अब मंगलवार को भी कोलंबो में आसमान पर बादलों का कब्जा रहने और रुक-रुककर बारिश होने का अनुमान है। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों के पास श्रीलंका की पहली पारी जल्दी समेटने का मौका सीमित हो सकता है।

**सुबह से ही बारिश का खतरा**

मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक मंगलवार सुबह कोलंबो में तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। आसमान में करीब 92 प्रतिशत बादल छाए रहने का अनुमान है। सुबह बारिश की संभावना 82 प्रतिशत है। इस दौरान कई बार बारिश की फुहार आने का अनुमान है। इससे मैच की शुरुआत या शुरुआती सत्र में खेल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

**दोपहर में बारिश की संभावना कम, लेकिन बादल रहेंगे**

दोपहर में तापमान करीब 29 डिग्री रहने का अनुमान है। बारिश की संभावना घटकर 56 प्रतिशत हो जाएगी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। पूर्वानुमान में दोपहर के दौरान हल्की बारिश की संभावना जताई गई है और करीब 4.1 मिमी बारिश हो सकती है। इस दौरान 96 प्रतिशत क्लाउड कवर रहने का अनुमान है। यानी धूप निकलने की संभावना बेहद कम रहेगी और तेज गेंदबाजों को लगातार मददगार परिस्थितियां मिल सकती हैं। शाम का सत्र भारत और श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता बन सकता है। शाम को तापमान करीब 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, लेकिन बारिश की संभावना बढ़कर 86 प्रतिशत हो जाएगी। करीब 7.4 मिमी बारिश का अनुमान है और क्लाउड कवर 98 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

- पूरे दिन के पूर्वानुमान में बारिश की संभावना 92 प्रतिशत और कुल वर्षा करीब 9.6 मिमी बताई गई है। करीब चार घंटे बारिश होने का अनुमान है। ऐसे में अगर मुकाबला बारिश के कारण बार-बार रुकता है तो दिन में उपलब्ध ओवरों की संख्या पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**भारत के सामने श्रीलंका को जल्द समेटने की चुनौती**

दूसरे दिन भारत ने नौ विकेट पर 503 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। भारत के लिए ध्रुव जुरेल 115 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में श्रीलंका ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर आठ रन बनाए और वह भारत से 495 रन पीछे है। भारत की कोशिश तीसरे दिन जल्द से जल्द श्रीलंका की पहली पारी समेटकर फॉलोऑन या बड़ी बढ़त की स्थिति बनाने की होगी। लेकिन इसके लिए उसे पर्याप्त ओवर चाहिए। अगर बारिश बार-बार खेल रोकती है तो भारतीय टीम की रणनीति और समय दोनों प्रभावित हो सकते है

## CSK New Coach: धोनी नहीं तो और कौन बनेगा

### सीएसके का नया हेड कोच? मैथ्यू हेडन ने सुझाया RCB के इस दिग्गज का नाम



**चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2027 से पहले नए मुख्य कोच की तलाश है। स्टीफन फ्लेमिंग के 18 साल लंबे कार्यकाल के बाद टीम ने अभी उनका उत्तराधिकारी तय नहीं किया है। इस बीच पूर्व सीएसके बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक को टीम का 'परफेक्ट' कोच बताया है। हेडन ने उनके चेन्नई कनेक्शन को भी अहम वजह बताया। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2027 से पहले सबसे बड़ा सवाल उसके नए मुख्य कोच को लेकर है। स्टीफन फ्लेमिंग के 18 साल लंबे सफल कार्यकाल के बाद फ्रेंचाइजी को अब उनकी जगह किसी नए चेहरे की तलाश है। कई नामों की चर्चा के बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज और सीएसके के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने ऐसा नाम सुझाया है, जिसने सबका ध्यान खींच लिया है। हेडन के मुताबिक, मौजूदा आरसीबी मेंटर दिनेश कार्तिक सीएसके के लिए 'परफेक्ट' विकल्प हो सकते हैं। हेडन का मानना है कि सीएसके जैसी बड़ी फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच में स्थानीय जुड़ाव होना बेहद महत्वपूर्ण है। दिनेश कार्तिक का जन्म चेन्नई में हुआ है और उन्होंने घरेलू क्रिकेट भी तमिलनाडु के लिए खेला है। यही वजह है कि हेडन उन्हें सीएसके की संस्कृति और माहौल के लिए उपयुक्त मानते हैं। हेडन ने स्पोर्टस्टार से बातचीत में कहा, ' 'दिनेश कार्तिक उन नामों में से एक हैं जिनका जिक्र हुआ है। मुझे लगता है कि वह इस तरह की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। मेरे हिसाब से स्थानीय कोच होना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'सीएसके जैसी बड़ी फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच में स्थानीय जुड़ाव होना चाहिए। चेन्नई से जुड़ाव भी होना चाहिए, इसलिए मुझे लगा कि दिनेश इस भूमिका के लिए परफेक्ट होंगे।' कार्तिक के पक्ष में सिर्फ उनका चेन्नई कनेक्शन ही नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आरसीबी के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा रहते हुए कोचिंग और टीम मैनेजमेंट का अनुभव हासिल किया है। इस दौरान आरसीबी ने लगातार दो आईपीएल खिताब जीते हैं। आरसीबी ने 2025 और 2026 में लगातार आईपीएल खिताब अपने नाम किए। ऐसे में कार्तिक के पास सफल टीम के सपोर्ट सिस्टम का हिस्सा रहने और ड्रेसिंग रूम की जरूरतों को समझने का अनुभव भी है। हेडन ने स्टीफन फ्लेमिंग और एमएस धोनी की जोड़ी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ने मिलकर सीएसके के लिए बेहद मजबूत सिस्टम तैयार किया था। हेडन ने कहा, 'मैं वास्तव में उम्मीद करता हूं कि फ्रेंचाइजी यह फैसला सही तरीके से करे।**

## AFG vs IRE ODI: दो शतक 231 रन की साझेदारी और बना ऐतिहासिक स्कोर आयरिश गेंदबाजों पर हावी हुए अफगानी बल्लेबाज




सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 343/9 का स्कोर बनाया। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि अटल-जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 343 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 339 रन था, जो उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

अटल-जादरान ने संभाली पारीटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल ने पारी को संभालते हुए आयरिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 220 गेंदों में 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की ओर से दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

**आखिरी ओवरों में लड़खड़ाई अफगानिस्तान की टीम**

अटल और जादरान के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की पारी थोड़ी धीमी पड़ गई। दरविश रसूली ने 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई 12 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रहमत शाह सिर्फ 2 रन बना सके। राशिद खान ने 10 गेंदों में 11 रन बनाए, जबकि हशमतुल्लाह शाहिदी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर खाता नहीं खोल सके। अफगानिस्तान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट गंवाए, जिसके कारण टीम 350 रन का आंकड़ा पार करने से चूक गई। आयरलैंड की ओर से बायरन मैकडोनो ने तीन विकेट लिए, जबकि मार्क रिचर्ड एडायर और गेविन होए को दो-दो सफलता मिली। 339 रन का रिकॉर्ड टूटा

अफगानिस्तान के 343 रन के साथ ही टीम ने अपना पिछला वनडे रिकॉर्ड तोड़ दिया। उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाए 339/6 के स्कोर को पीछे छोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में अपना नया सर्वोच्च स्कोर बनाया। अटल और जादरान की शतकीय पारियों ने इस ऐतिहासिक स्कोर की नींव रखी। इब्राहिम जादरान ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंदों में 107 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं, सेदिकुल्लाह अटल ने इससे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 120 गेंदों में 143 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और चार छक्के लगाए। अटल और जादरान की यह साझेदारी 50 ओवर के प्रारूप में अफगानिस्तान की किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा, यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में केवल चौथा मौका जब एक ही मैच में टीम के दो बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91-7088120300


THIS SUMMER BEST DESTINATION
ALPHA RUSH WATER PARK
UNLIMITED FUN, UNLIMITED MEMORIES!
MEGA SAVINGS OFFER
TICKET PRICE: ₹200 (REGULAR PRICE ₹400)
50% OFF!
SPECIAL OFFER: BUY 3 GET 2 FREE
LIMITED TIME OFFER! 10:00 AM TO 12:00 PM
VALID FROM 7TH JUNE TO 15TH JUNE
ATTRACTIONS
EXCITING WATER SLIDES
DJ RAIN DANCE
SAFE KIDS ZONE
DELICIOUS FOOD COURT
100% SAFE & CLEAN ENVIRONMENT
TRAINED LIFEGUARDS AVAILABLE
FREE PARKING
NIGHT BOOKING ALSO AVAILABLE
TIMINGS: 10:00 AM TO 6:00 PM (OPEN ALL 7 DAYS)
NEAR ACN COLLEGE, KASIMPUR POWER HOUSE ROAD, ALIGARH, UTTAR PRADESH - 202001
CONTACT: 8800482265 7088120300


PLANET NEWS INDIA
We Are
HIRING
Are You Ready To Join Our Team
Open Positions :
News Reporter
District Incharge
State Incharge
Promoter/ Cameraman
CALL- 8800482265 / 7088120300


ADS
+91-7088120300


ALPHA FARMHOUSE
यह फार्महाउस पार्टी, फंक्शन, बर्थडे पार्टी,
ऑफिस पार्टी, फैमिली फंक्शन, ऑफिस मीटिंग्स
और भी बहुत कुछ के लिए बुक कर सकते हैं।
पार्टी और फंक्शन
बर्थडे पार्टी
ऑफिस पार्टी
फैमिली फंक्शन
ऑफिस मीटिंग्स
और भी बहुत कुछ
100% सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण |
प्रशिक्षित लाइफगार्ड उपलब्ध | फ्री पार्किंग
नाइट बुकिंग भी उपलब्ध है !
स्थान: Near Ozone City, Yakutpur, Aligarh
समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (सातों दिन खुला)
पता: ए.सी.एन, कॉलेज के पास, कासिमपुर पावर हाउस रोड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश - 202001
संपर्क करें: 8800482265 | 7088120300


ADS


ADS
+91-7088120300